सूचना एवं पुस्तकालय नेटवर्क केन्द्र
Information and Library Network Centre
विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का स्वायत्त अंतर विश्वविद्यालय केन्द्र
An Autonomous Inter-University Centre of UGC
गांधीनगर / Gandhinagar – 382007

दिनांक : 25/06/2024

## राजभाषा हिंदी समिति एवं उप-समिति की संयुक्त बैठक का विवरण/कार्यवृत

राजभाषा हिंदी समिति एवं उप-समिति की संयुक्त बैठक दिनांक 18/06/2024 को पूर्वाह्न 11:30 बजे बोर्ड रूम में माननीय निदेशक प्रो. देविका पी. मदल्ली की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में सभी सदस्यों ने उपस्थित रह के चर्चा में उत्साहपूर्ण भाग लिया ।

बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो. देविका पी. माडल्ली, निदेशक | - अध्यक्ष |
| 2. | श्री हरीश चंद्र, प्रशासनिक अधिकारी (पी एवं ए) | - सदस्य सचिव, हिंदी समिति |
| 3. | श्री गौरव प्रकाश, वैज्ञानिक-सी (सीएस) | - सदस्य, हिंदी समिति उप-समिति |
| 4. | डॉ. मितेषकुमार पंड्या, वैज्ञानिक-सी (एलएस) | - सदस्य एवं अध्यक्ष, उप-समिति |
| 5. | श्री पल्लब प्रधान, वैज्ञानिक-सी (एलएस) | - सदस्य |
| 6. | डॉ. सुरभि, वैज्ञानिक-सी (एलएस) | - सदस्य, हिंदी समिति उप-समिति |

**आमंत्रित:**

श्री धर्मेंद्र रामावत, कार्यालय सहायक-॥

श्री ललितकुमार डी. त्रिकलानी, सदस्य सचिव, उप-समिति अवकाश पर होने के कारण उनके स्थान पर श्री धर्मेंद्र रामावत, कार्यालय सहायक-॥ संयुक्त बैठक में उपस्थित रहे।

समिति के सदस्यों ने गत दिनांक 02/08/2023 को आयोजित राजभाषा हिंदी समिति एवं उप-समिति की संयुक्त बैठक का विवरण/कार्यवृत में दिए गए सुझावों पर विचार विमर्श करते हुए निम्न लिखित सुझाव दिए :

1. भाषा अनुवाद सुनने हेतु (अंग्रेजी - हिंदी - अंग्रेजी) डिवाइस खरीदा जाए।
2. केंद्र के सारे प्रभागों को सलाह दी जाए की वो अपने प्रभाग से संबंधित विषयो का अनुवाद करें एवं वेबसाइट पर अद्यतन करायें।
3. हिंदी समिति कि बैठक हर 6 महिने में एक बार की जाए।
4. हिंदी उपसमिति कि बैठक हर 3 महिने में एक बार की जाए।
5. सभी कर्मचारियों का हिंदी भाषा के संबंध में ज्ञान स्तर का ब्यौरा एक गूगल शीट के द्वारा रिकोर्ड किया जाए।
6. सभी परिपत्र/आदेश/ अधिसूचना द्विभाषी जारी किये जाऐं।
7. सभी अधिकारी गण के विजिटिंग कार्ड एवं संस्था के लेटरहेड, पहचान पत्र, लिफाफा आदि द्विभाषी हो; तथा संस्था का एक डोमेन नाम भी हिंदी में लिया जाए।
8. हिंदी अनुवाद के लिए वार्षिक दर अनुबंध किया जाए अथवा अस्थायी हिंदी अनुवादक भर्ती किया जाए। निश्चित समय के अंदर कार्य हो सके उसके लिए गांधीनगर/अहमदाबाद से अनुवादक/अनुबंधक नियुक्त किया जाए।

9. केंद्र के बोर्ड रूम में काउंसिल तथा गवर्निंग बोर्ड के प्रमुख के कार्यकाल के पट द्विभाषी किये जाऐं।
10. हिंदी दिवस समारोह के अवसर पर संभवत: हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति को आमंत्रित किया जाए।
11. कर्मचारीगण को राजभाषा की वेबसाइट https://rajbhasha.gov.in/ पर उपलब्ध टूल्स लीला, कंठस्थ, ई सरल हिंदी वाक्यकोष आदि का उपयोग करें।
12. सभी कम्प्युटरों में युनिकोड सक्षम (इनेबल) किया जाए।
13. प्रत्येक माह के द्वितीय शुक्रवार को एक संगोष्ठी कि जाए।
14. राजभाषा की वेबसाइट https://rajbhasha.gov.in/ पर उपलब्ध हिंदी स्वयं शिक्षण के लिए कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया जाए।
15. सभी समझौता ज्ञापन आदि द्विभाषी किए जाऐं।
16. नराकास पर पंजीकरण किया जाए।
17. सभी कर्मचारी राजभाषा (हिंदी) में किये गए पत्राचार/ई-मेल आदी का ब्यौरा रखें और सदस्य सचिव, हिंदी समिति को ब्यौरा दें।
18. सभी परियोजनाओं/गतिविधियों के प्रचार/प्रसार सामग्री/पेम्फ्लेट आदी सभी द्विभाषी किये जाऐं।

| | | |
|---|---|---|
| (डॉ. सुरभि) | (पल्लब प्रधान) | (डॉ. मितेशकुमार पंड्या) |
| (गौरव प्रकाश) | (हरिश चंद्र) | (प्रो. देविका पी. मदल्ली) |

Director Office
No.: 810
Dt: 27/6/24
INFLIBNET Centre